प्रादेशिक समाचार
08.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के ग्यारह साल पूरे हो गये। 2015 में शुरू हुई इस योजना से करोड़ों छोटे उद्यमी और 12 करोड़ युवा आत्मनिर्भर बने हैं।

**********************

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना युवाओं में स्वरोजगार को बढ़ावा देने में बहुत लाभकारी सिद्ध हुई है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इस योजना की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि जब लोगों को सही अवसर मिलते हैं, तो वे आत्मनिर्भर बन सकते हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मुद्रा योजना ने लाखों लोगों को सपने देखने का आत्मविश्वास दिया है।

**********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची विश्वविद्यालय में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि तनावपूर्ण दौर में योग और सकारात्मक सोच जरूरी है। केंद्र में रिम्स और सीआईपी के सहयोग से विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध रहेगा।

**********************

भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत ब्याज दर, रेपो रेट को पांच दशमलव दो–पांच प्रतिशत पर यथावत रखा है। मौजूदा वित्त वर्ष के लिए पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए आरबीआई के गर्वनर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने तटस्थ रुख अपनाते हुए सर्वसम्मति से रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया है। स्टेंडिंग डिपोजिट फैसिलिटी रेट पांच प्रतिशत और मार्जनल स्टेंडिंग फैसिलिटी रेट तथा बैंक रेट को 5 दशमलव 5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

**********************

केंद्र सरकार ने झारखंड के गांवों के विकास के लिए 2 हजार 254 करोड़ रुपये जारी किए हैं। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह राशि ग्रामीण विकास में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने राज्य सरकार पर पूर्व की राशि खर्च न करने का आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचार के प्रति आगाह किया और पंचायत प्रतिनिधियों से सतर्क रहने की अपील की।

**********************

पलामू में जेटेट नियमावली के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा 10 अप्रैल को प्रदर्शन करेगा। संगठन का आरोप है कि राज्य सरकार ने जिला स्तरीय भाषा सूची से हिंदी, मगही और भोजपुरी को बाहर कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। प्रदर्शन में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शामिल होने की अपील की गई है।

**********************

राज्य में जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पाकुड़ जिले में अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने मकानों की गणना और सूचीकरण के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने फील्ड ट्रेनर्स को मोबाइल ऐप और पोर्टल के डिजिटल उपयोग की जानकारी दी। 14 अप्रैल से यह अभियान जिले भर में शुरू होगा।

**********************

राज्य में आज मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। वर्तमान में रांची और आसपास के इलाकों में गरज के साथ रुक–रुक कर हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने रांची के अलावा जमशेदपुर और बोकारो समेत कई जिलों में आंधी–बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 50 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

***********************

रांची के उभरते स्क्वॉश खिलाड़ी आध्या बुधिया और वेदांत अग्रवाल का चयन चीन में होने वाली 33वीं एशियन जूनियर इंडिविजुअल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। चेन्नई में आयोजित चयन ट्रायल्स में आध्या ने प्रथम और वेदांत ने चौथा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 20 से 24 मई तक आयोजित की जाएगी।

**********समाप्त************